समुद्री साझेदारी अभ्यास (MPX) में INS तबर

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **भारतीय नौसेना के जहाज़ तबर (INS Tabar) ने** भूमध्य सागर में स्पेनिश नौसेना के जहाज़ **अटालया के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (Maritime Partnership Exercise- MPX)** में भाग लिया।

- स्पेनिश नौसेना के साथ MPX द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों को मज़बूती प्रदान करता है तथा समुद्री सहयोग में वृद्धि की प्रतिबद्धता को सशक्त करता है।
- **MPX के बारे में:** MPX में स्टेशन कीपिंग, रिप्लेनिशमेंट एट सी एप्रोच (RASAPs), फ्लाइंग एक्सरसाइज़ (FYEX), स्टीम पास्ट और फोटोएक्स (PHOTOEX) सीरियल जैसे उन्नत अभ्यासों की एक शृंखला शामिल थी।
- **INS तबर:** यह स्टील्थ फ्रिगेट भारतीय नौसेना के लिये रूस में निर्मित **तीसरा** तलवार श्रेणी का जहाज़ **है, जिसे अप्रैल 2004 में कैलिनिनग्राद में कमीशन किया गया था।**
  - यह **वायु, सतह और उप-सतह मिशनों को संचालित करने में सक्षम है।**
  - यह स्वतंत्र रूप से या किसी बड़े नौसैनिक कार्यबल के हिस्से के रूप में कार्य कर सकता है।
    - यह मुंबई स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े में कार्यरत है।
  - **यह सुपरसोनिक** ब्रह्मोस **एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइलों और** बराक-1 मिसाइलों सहित कई प्रकार के हथियारों तथा सेंसरों से सुसज्जित है।
    - यह ब्रह्मोस मिसाइल का वहन करने में सक्षम तलवार श्रेणी का पहला युद्धपोत है।

//

और पढ़ें: [भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ins-tabar-in-maritime-partnership-exercise-mpx-